## खास-खबरें

### अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस पर पश्चिम मध्य रेल का विशेष अभियान



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, जबलपुरः** पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा 9 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस के अवसर पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन और प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी के निर्देशन में पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। संरक्षा विभाग के तत्वावधान में रेल समपार फाटकों पर नुक्कड़ नाटक, जनसंवाद, परामर्श कार्यक्रम और पंपलेट वितरण के माध्यम से लोगों को सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य समपार फाटकों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना तथा सड़क उपयोगकर्ताओं में सुरक्षित व्यवहार की भावना विकसित करना है।

### पात्र बालिकाएं लाड़ली लक्ष्मी योजना से वंचित ना रहेः कलेक्टर



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तर पर संचालित मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना की समीक्षा बैठक संपन्न हुई, जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता कांस्बा, सहायक संचालक विवेक शर्मा सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कक्षा 1 से कक्षा 8 तक अध्ययनरत उन बालिकाओं के प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, जिनका पंजीयन अभी तक नहीं हो सका है। ऐसे सभी प्रकरणों का सत्यापन कर पात्रता अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण किया जाए।

### उज्जैन में ओवरब्रिज निर्माण तेज, सिंहस्थ 2028 को लेकर प्रशासन ने कसी कमर



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, उज्जैनः** सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत चल रहे दो प्रमुख ओवरब्रिज प्रोजेक्ट अब अपने निर्णायक चरण में पहुंच चुके हैं। ट्रैफिक जाम की समस्या को समाप्त करने और शहर के यातायात ढांचे को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से प्रशासन ने निर्माण कार्यों में तेजी ला दी है। हरिफाटक रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) दोहरीकरण परियोजना और चामुंडा माता चौराहा से फ्रीगंज समानांतर फ्लाइओवर निर्माण दोनों ही स्थानों पर युद्धस्तर पर काम जारी है। करीब 97 करोड़ रुपये की लागत वाली हरिफाटक आरओबी परियोजना में हाल ही में प्रशासनिक सख्ती के बाद काम में उल्लेखनीय तेजी देखी जा रही है। ठेकेदार पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाए जाने के बाद बेगमबाग क्षेत्र में भारी मशीनरी तैनात कर दी गई है। पोकलेन, डंपर और पाइलिंग क्रेन की मदद से मलबा हटाने और पिलर निर्माण का कार्य तेज गति से चल रहा है।

### करोली माता मंदिर के गर्भगृह में घुसे चोरों ने कटर से काटी दानपेटी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** प्रसिद्ध करोली माता मंदिर में बीती रविवार रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने मंदिर के गर्भगृह और प्रांगण में प्रवेश कर दानपेटी सहित कुछ अन्य कीमती सामान चुरा लिया। यह पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि एक चोर मंदिर परिसर में दाखिल हुआ और माता के दरबार के पास रखी दानपेटी को कटर (या अन्य औजार) से काटने का प्रयास किया। जब वह दानपेटी का ताला तोड़ने या उसे खोलने में पूरी तरह सफल नहीं हो सका, तो वह पेटी और अन्य कीमती सामान उठाकर वहां से फरार हो गया। सुबह जब मंदिर के पुजारी और श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे, तो ताले टूटे देखकर उन्हें चोरी का पता चला और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की छानबीन के दौरान मंदिर से कुछ दूरी पर स्थित ईंट भट्ठों के पास कटी हुई खाली दानपेटी पड़ी मिली। चोर उसमें से सारी नगदी निकालकर बॉक्स वहीं फेंक गए थे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत 30 जून तक कार्य पूर्ण करें



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, रतलामः** कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्री अनिल भाना सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किये जा रहें कार्यो की समीक्षा के दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन ने संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत लक्ष्य अनुसार स्वीकृत कार्य 30 जून तक पूर्ण कर पोर्टल पर अपलोड करवायें। नदी, नालो, कुए ,बावड़ी की सफाई करवाये, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाये, पौधारोपण, तालाब निर्माण कार्य समय सीमा में करवाये। साथ ही शासन द्वारा दिये गये लक्ष्य अनुसार सभी पूर्ण कामो की जानकारी शासन के पोर्टल पर दर्ज करें। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी स्कूलों की पानी की टंकियों की नियमित साफ-सफाई 'वॉश ऑन व्हील' के माध्यम से करवाने के निर्देश शिक्षा अधिकारी को दिये।

# जनकल्याण अभियान में अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को करें लाभान्वित : कलेक्टर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक मे कलेक्टर बालागुरू के. ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए खाद-बीज विक्रय केंद्रों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए तथा नकली अथवा अमानक खाद-बीज के विक्रय पर प्रभावी रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद बीज उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर ने कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में संचालित खाद-बीज विक्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौरान स्टॉक, गुणवत्ता, लाइसेंस तथा विक्रय संबंधी अभिलेखों की जांच की जाए। यदि किसी केंद्र पर अमानक अथवा नकली खाद-बीज का भंडारण या विक्रय पाया जाता है तो संबंधित विक्रेता के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने कहा कि खरीफ सीजन को देखते हुए किसानों की मांग के अनुरूप खाद एवं बीज की उपलब्धता बनाए रखना भी आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को प्रमाणित एवं गुणवत्तायुक्त बीजों के उपयोग के लिए जागरूक किया जाए तथा किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर उसका तत्काल निराकरण किया जाए।

खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित पात्रता पर्चियों एवं राशन कार्डों का नियमित सत्यापन किया जाए। उन्होंने कहा कि अपात्र तथा मृत हितग्राहियों के नाम सूची से हटाए जाएं, ताकि वास्तविक एवं नए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पात्रता सूची का गंभीरता से परीक्षण करें तथा अपात्र एवं मृत हितग्राहियों के नामों को नियमानुसार हटाने की कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ऐसे परिवार, जो पात्र होने के बावजूद अभी तक सूची में शामिल नहीं हो सके हैं, उनके नाम प्राथमिकता के आधार पर जोड़े जाएं। उन्होंने हितग्राहियो की शत-प्रतिशत ईकेवाईसी कराने के भी निर्देश दिये।

बैठक में शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में कोई भी छात्र-छात्रा ड्रॉपआउट न रहे। उन्होंने कहा कि जो बच्चों ने किसी कारणवश पढ़ाई छोड़ रहे है या विद्यालय एवं महाविद्यालय में प्रवेश नहीं लिया है, उनसे व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की पहचान कर उनकी सूची तैयार की जाए तथा उनके अभिभावकों से संवाद स्थापित कर बच्चों को पुनः स्कूल और कॉलेजों में प्रवेश दिलाने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कोई भी विद्यार्थी आर्थिक, सामाजिक या अन्य कारणों से शिक्षा से वंचित न रहे।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी रैन बसेरों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि रैन बसेरों में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। कलेक्टर ने नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, जमील खान, रविंद्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## सांसद गुप्ता एवं सांसद गुर्जर ने विभिन्न मंडलों में किया जनसंपर्क



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** मंदसौर जिले के विभिन्न भाजपा संगठनात्मक मण्डलों एवं शक्ति केंद्रो पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्षीय सेवा एवं समर्पण को समर्पित कार्यकाल को लेकर विभिन्न रचनात्मक एवं संगठनात्मक कार्य चल रहे हैं।

इसी क्रम में सोमवार को महा-जनसंपर्क अभियान अन्तर्गत लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता एवं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने जिले के विभिन्न मंडलों एवं शक्ति केंद्रों में संगठनात्मक प्रवास पर पहुंचे और कार्यकताओं एवं आमजन से संवाद किया, एक पेड माँ के नाम अभियान अन्तर्गत पौधारोपण तथा केंद्र और राज्य सरकार कि योजनाओं के लाभार्थी हितग्राहियों का सम्मान किया।

जिला भाजपा द्वारा जिले में चलाए जाने वाले जन सर्म्पक अभियान हेतु भाजपा जिला महामंत्री शिवराजसिंह राणा, भाजपा जिला उपाध्यक्षगण जीवन शर्मा, सुनिल जैन, जितेन्द्रसिंह चौहान, गौरव अग्रवाल एवं भाजपा जिला मंत्री रामसिंह चौहान प्रभारी बनाये गये हैं। प्रवास के द्वितीय दिवस सांसद सुधीर गुप्ता ने सीतामऊ ग्रामीण मंडल के काचरिया-चिकला पंचायत एवं खेताखेड़ा, बसई मंडल के बसई एवं कुरावन, मेलखेड़ा मंडल के लसुडिया तथा खड़ावदा मंडल के बालोदा एवं बरखेड़ा गंगासा शक्ति केंद्रों का दौरा किया। इसके पश्चात उन्होंने भानपुरा स्थित दुधाखेड़ी माताजी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर कार्यकताओं से संवाद किया तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया।

इसी क्रम में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने 8 जून को विभिन्न मंडलों में प्रवास कर महा-जनसंपर्क अभियान को गति प्रदान की। 8 जून को उन्होंने दलौदा मंडल के भावगढ़ एवं नांदवेल तथा मगरामाताजी मंडल के करजू एवं गरोड़ा में जनसंपर्क कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई।

## समान नागरिक संहिता हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक संपन्न



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** समान नागरिक संहिता के अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक समिति के सदस्य शिक्षाविद प्रो. गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

गोपाल शर्मा ने बैठक में कहा कि मध्य प्रदेश में यूसीसी लागू किया जाना है, इसके लिए अधिक से अधिक सुझाव प्राप्त करना ही उद्देश्य है। मध्य प्रदेश में समान नागरिक का अधिकार सभी को मिले। जीवन में एक व्यक्ति को एक ही विवाह करना चाहिए।

इस बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राकेश शर्मा और सामाजिक राजनैतिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस बैठक में कलेक्टर अंशुल गुप्ता, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, वन मंडल अधिकारी हेमंत यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चैबे, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया सहित गणमान्य नागरिक तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### जिला बदर का आदेश जारी

विदिशा। **कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंशुल गुप्ता ने पुलिस** अधीक्षक के पालन प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में लिप्त रिजवान उर्फ नंगा खां पिता फैज खां उम्र 27 साल निवासी ग्राम धनोरा हवेली थाना सिविल लाइन विदिशा के विरूद्व मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही छह माह के लिए की गई है। इस अवधि में विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से भी निष्कासित किया गया है।

### विश्व महासागर दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधरोपण

**गंजबासौदा।** गंजबासौदा में 14 एमपी बटालियन एनसीसी के प्रशासनिक अधिकारी सनी वैद्य के निर्देशन और प्राचार्य डॉ. इंद्रा दुबे के मार्गदर्शन में विश्व महासागर दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने पर्यावरण संरक्षण और धरती को हरियाली से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से पौधरोपण किया। साथ ही कैडेट्स ने स्वच्छता, जल संरक्षण और भू-संरक्षण की शपथ लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स ने पोस्टर एवं स्लोगन लेखन के माध्यम से भी पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। एएनओ कैप्टन निधि शर्मा ने स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा पर व्याख्यान देते हुए कहा कि धरती के संरक्षण के लिए सभी को सामूहिक रूप से प्रयास करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर मेजर मनीष छंचार, उप प्राचार्य डॉ. पीयूष दुबे, प्राध्यापक कुलेन्द्र श्रीवास्तव, दिनकर कद्रे, एवन सिंह विश्वकर्मा, डॉ. भास्कर दुबे सहित महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## उज्जैन के शलाका हॉल में तीन दिवसीय बैडमिंटन स्पर्धा का समापन, खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** उज्जैन में स्थित माधव क्लब के शलाका हॉल में आयोजित तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य समापन हो गया। तीन दिनों तक चले इस मुकाबले में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को लगातार रोमांचित किया। अंतिम दिन कोर्ट पर कड़े और रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहां प्रतिभागियों ने अपनी फुर्ती, तकनीक और खेल भावना से सभी का दिल जीत लिया।

इस प्रतियोगिता में शहर और आसपास के क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। हर मैच में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और कई मुकाबले अंतिम चरण तक पहुंचे। खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह साबित किया कि क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है।

समापन समारोह के अवसर पर नगर निगम सभापति कलावती यादव और बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं और उनके आत्मविश्वास को मजबूत बनाती हैं। विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को समारोह में प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों की खेल भावना और अनुशासन की भी सराहना की गई। अतिथियों ने कहा कि जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण खेल में भागीदारी और निरंतर प्रयास है।

बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है ताकि वे आगे चलकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। नगर निगम सभापति कलावती यादव ने कहा कि उज्जैन के युवा हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं और खेल गतिविधियों से शहर की पहचान और मजबूत हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम भविष्य में भी खेल आयोजनों को हर संभव सहयोग देता रहेगा।

तीन दिनों तक चले इस आयोजन ने खिलाड़ियों को न केवल प्रतिस्पर्धा का अवसर दिया बल्कि खेल भावना और आपसी सौहार्द का संदेश भी दिया। अंतिम दिन के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने जिस उत्साह और ऊर्जा के साथ प्रदर्शन किया, उसने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया।

# उदयपुर पहाड़ी हत्याकांड के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** शहर पुलिस ने उदयपुर कस्वा क्षेत्र की पहाड़ियों में हुए चर्चित हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त सामग्री सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य भी बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार 2 जून को थाना देहात गंजबासौदा में भारत सिंह अहिरवार निवासी ग्राम गंज द्वारा अपने पुत्र कन्हैया उर्फ मनीष सिसोदिया अहिरवार (20 वर्ष) के लापता होने की सूचना दर्ज कराई गई थी। इसके बाद गुम इंसान क्रमांक 50/2026 दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की गई।

तलाशी के दौरान 4 जून को सूचना मिली कि ग्राम उदयपुर की पहाड़ी क्षेत्र में झाड़ियों के बीच एक अज्ञात शव पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची तो शव की पहचान कन्हैया उर्फ मनीष अहिरवार के रूप में हुई। इसके बाद मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मर्ग जांच के दौरान प्राप्त भौतिक, तकनीकी और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर हत्या की पुष्टि हुई। इसके बाद आरोपी सूरज प्रजापति के खिलाफ थाना गंजबासौदा शहर में अपराध पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश पर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे और एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में सिटी थाना प्रभारी के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### श्रीद्वारकाधीश मंदिर में श्रीरामकथा-मंगल कलश यात्रा आज

**विदिशा।** स्थानीय अंदर किला स्थित प्राचीन विशिष्ट आस्थाधाम श्रीद्वारकाधीश मंदिर में अधिक मास के अवसर पर वर्षभर के विभिन्न त्यौहारों के मनोरथ दर्शन भक्तों को प्राप्त होते रहे हैं, यथा गुड़ी पड़वा, श्रीजगन्नाथ रथ यात्रा, बसंत पंचमी, शरदपूर्णिमा, ढोल ग्यारस, गंगा दशहरा के मनोरथ दर्शन भक्तों को प्राप्त हुऐं हैं। आगामी दिनों में श्रीजन्माष्टमी, दीपावली, अन्न कूट उत्सव एवं श्रीठाकुरजी के विवाह का महोत्सव के मनोरथ दर्शन भक्तों को प्राप्त होंगे। इसी तारतम्य में आज 9 जून मंगलवार से श्रीरामकथा का भव्य-दिव्य आयोजन मंदिर में किया गया है। कथा व्यास पं. शिवकांत महाराज के मुखारबिंद से श्रीरामकथा का रसपान भक्तों को होगा। वहीं, आज ही मंगल कलश यात्रा व्यासजी के श्रीहनुमान मंदिर से प्रारम्भ होकर बड़ी बजरिया, विजय मंदिर मार्ग होते हुए श्रीद्वारकाधीश मंदिर पर पहुंचेगी।

## कैंसर पीड़ित छात्रा के परिवार को 90 हजार रुपए की सहायता



**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः** बरेली,में स्थित गुरुकुल सीबीएसई स्कूल के संचालक ने मानवता की अनूठी मिसाल पेश करते हुए कैंसर पीड़ित छात्रा के परिवार को 90 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। इस पहल से छात्रा और उसके परिवार को कठिन समय में बड़ी राहत मिली है।

गुरुकुल स्कूल में अध्ययनरत छात्रा कुमारी ईशिका भावसार के पिता विष्णु भावसार लंबे समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। इलाज के बढ़ते खर्च के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हो गई थी, जिससे छात्रा की पढ़ाई पर भी संकट खड़ा हो गया था। इस स्थिति की जानकारी मिलने पर विद्यालय प्रबंधन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए छात्रा की शिक्षा बिना किसी बाधा के जारी रखने का निर्णय लिया। साथ ही स्कूल संचालक ने व्यक्तिगत रूप से आगे बढ़कर परिवार को 90 हजार रुपये की नगद सहायता राशि प्रदान की।

विद्यालय के इस कदम से परिवार को बड़ी राहत मिली है और छात्रा के भविष्य को लेकर नई उम्मीद जगी है। परिजनों ने स्कूल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता उनके लिए संबल के समान है।

# फसल गिरदावरी में तेजी लाएं, समयसीमा में पूरा करें कार्य : कलेक्टर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** रायसेन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने समय-सीमा वाले शासकीय पत्रों, सीएम हेल्पलाइन, राजस्व प्रकरणों तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की तहसीलवार जानकारी ली। उन्होंने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि राजस्व मामलों का समय-सीमा के भीतर अंतिम निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निराकरण पर भी विशेष जोर दिया।

बैठक में फसल गिरदावरी कार्य की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जिले में अब तक केवल लगभग 30 प्रतिशत कार्य ही पूरा हुआ है। उन्होंने सभी एसडीएम को गिरदावरी कार्य में तेजी लाने और नियमित मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए ताकि कार्य शीघ्र पूर्ण किया जा सके।

फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि ई-विकास टोकन प्रणाली के माध्यम से किसानों को खाद वितरण और अन्य सुविधाओं का लाभ देने के लिए फार्मर रजिस्ट्री आवश्यक है। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को शत-प्रतिशत किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कृषि, पंचायत और राजस्व विभाग के मैदानी अमले को किसानों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए भी कहा गया। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को नियमित रूप से न्यायालय में बैठकर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही राजस्व वसूली कार्य में भी तेजी लाने पर जोर दिया गया।

बैठक में जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पीएचई, सामाजिक न्याय, जनजातीय कार्य, वन विभाग और विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवेदनों का गंभीरता से निराकरण कर कार्रवाई की जानकारी आवेदकों को भी उपलब्ध कराई जाए।

इसके अलावा आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, संबल योजना एवं प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में अधिक से अधिक श्रमिकों के पंजीयन, जल गंगा संवर्धन अभियान तथा उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों में समय पर जवाब-दावा प्रस्तुत करने संबंधी दिशा-निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए।